पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32
Number of Pages in Booklet : 32

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
No. of Questions in Booklet : 150

**Paper Code : 69**

# ALP-23

इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए । Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.

प्रश्न-पुस्तिका संख्या व बारकोड/
**Question Booklet No. & Barcode**

329613

## Sub : Business Administration-I
## Paper-I

**समय : 03 घण्टे + 10 मिनट अतिरिक्त***
**Time : 03 Hours + 10 Minutes Extra***

**अधिकतम अंक : 75**
**Maximum Marks : 75**

प्रश्न-पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :
- प्रश्न-पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है ।
- प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं । समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है ।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper, the candidate should ensure that :**
- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिए । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
4. **OMR** उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।
6. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है ।
7. **प्रत्येक प्रश्न के पाँच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है ।**
8. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उत्तर-पत्रक में पाँचवें (5) विकल्प को गहरा करें । यदि पाँच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।**
9.* **प्रश्न-पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक जाँच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है । इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।**
10. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पाँच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है, तो उसको अयोग्य माना जायेगा ।**
11. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।
12. मोबाइल फोन अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022** तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. **All** questions carry equal marks.
3. **Only one answer is to be given for each question.** If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in **OMR** Answer Sheet. Candidate will themself be responsible for filling wrong Roll No.
6. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
7. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
8. **If you are not attempting a question then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
9.* **After solving question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time, is provided for this.**
10. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions, shall be disqualified.**
11. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
12. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair Means in Recruitment) Act, 2022 & any other laws applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

उत्तर-पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति । परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें । वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे । परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी ।

**69-□**

1. नाराजगी जैसी व्याख्या निम्नलिखित में से किसी एक अभिव्यक्ति में पायी जाती है :
   (1) भौहें चढ़ाना
   (2) कुर्सी में झुकना
   (3) जुड़े हुये हाथ
   (4) नज़रें मिलाना
   (5) अनुत्तरित प्रश्न

2. रणनीतिक योजना स्तर पर प्रबंधन सूचना प्रणाली कहलाती है
   (1) निर्णयन समर्थन प्रणाली
   (2) सामरिक मूल्यांकन प्रणाली
   (3) निर्णय कार्यान्वयन प्रणाली
   (4) निर्णय निगरानी प्रणाली
   (5) अनुत्तरित प्रश्न

3. 'फिल्टरिंग' एक संचार बाधा है जो सूचना में हेरफेर से सम्बन्धित है, ______ के द्वारा किया जाता है।
   (1) प्राप्तकर्ता
   (2) कूटव्याख्याकर्ता
   (3) प्रेषक
   (4) संकेतक
   (5) अनुत्तरित प्रश्न

4. मौखिक अथवा लिखित संचार के बारे में अनुचित तनाव व चिंता को जाना जाता है
   (1) संचार आशंका
   (2) झूठ बोलना
   (3) प्रत्याशा में संचार
   (4) सूचना अधिभार
   (5) अनुत्तरित प्रश्न

5. अंगूरीलता (ग्रेपवाइन) संचार से सम्बन्धित है
   (1) औपचारिक संचार से
   (2) अनौपचारिक संचार से
   (3) ऊपर की ओर संचार से
   (4) क्षैतिज संचार से
   (5) अनुत्तरित प्रश्न

1. Interpretation like displeasure is reflected in one of the following expressions :
   (1) Frown
   (2) Slouching in chair
   (3) Folded Arms
   (4) Glancing
   (5) Question not attempted

2. At strategic planning level Management Information System (MIS) is referred to as ______.
   (1) Decision Support System
   (2) Tactical Assessment System
   (3) Decision Implementation System
   (4) Decision Monitoring System
   (5) Question not attempted

3. Filtering is a communication barrier which is related with manipulation of information is done by ________.
   (1) Receiver
   (2) Decoder
   (3) Sender
   (4) Encoder
   (5) Question not attempted

4. Undue tension and anxiety about oral or written communication is known as :
   (1) Communication apprehension
   (2) Lying
   (3) Communication in anticipation
   (4) Information overload
   (5) Question not attempted

5. Grapevine communication is related with :
   (1) Formal communication
   (2) Informal communication
   (3) Upward communication
   (4) Horizontal communication
   (5) Question not attempted

6. निम्न में से कौन सा एक परिवर्तन के प्रतिरोध के मनोवैज्ञानिक कारकों से सम्बन्धित नहीं है ?
(1) एकरसता
(2) अहंकार रक्षात्मकता
(3) यथास्थिति
(4) कौशल अप्रचलन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. निम्न में से कौन सा एक परिवर्तन प्रबन्धन की रणनीति नहीं है ?
(1) सहभागिता
(2) दबाव
(3) संचार
(4) उदासीनता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. संघर्ष परिदृश्य से पक्षकारों के हट जाने को निम्न में से कौन सी संघर्ष समाधान प्रविधि के रूप में जाना जाता है ?
(1) उत्तेजना
(2) समझौता
(3) प्रभाव
(4) परिहार्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. संघर्ष की अवस्था जहाँ संघर्ष एक निश्चित आकार नहीं लेता, को कहा जाता है
(1) अनुभूत संघर्ष
(2) प्रकट संघर्ष
(3) अव्यक्त संघर्ष
(4) महसूस किया गया संघर्ष
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. निम्न में से कौन सी एक मास्लो की आवश्यकता हर्जबर्ग के रखरखाव कारक में नहीं आती है ?
(1) सामाजिक आवश्यकताएँ
(2) सुरक्षा आवश्यकताएँ
(3) शारीरिक आवश्यकताएँ
(4) आत्मबोध आवश्यकताएँ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. Which one of the following is not related to psychological factors of resistance to change ?
(1) Monotony
(2) Ego defensiveness
(3) Status quo
(4) Skill obsolescence
(5) Question not attempted

7. Which one of the following is not a change management strategy ?
(1) Participation
(2) Coercion
(3) Communication
(4) Indifference
(5) Question not attempted

8. Withdrawal of parties from the scene of conflict is known as which one of the following conflict resolution methods ?
(1) Stimulation
(2) Compromise
(3) Dominance
(4) Avoidance
(5) Question not attempted

9. Conflict stage where conflict does not take a definite shape is known as :
(1) Perceived conflict
(2) Manifest conflict
(3) Latent conflict
(4) Felt conflict
(5) Question not attempted

10. Which one of the following Maslow's need does not come under maintenance factors proposed by Herzberg ?
(1) Social needs
(2) Security needs
(3) Physiological needs
(4) Self-actualization needs
(5) Question not attempted

11. कार्यालय में संबंधित कार्य में देरी करना और आनंददायक गतिविधियों में संलग्न होना कहलाता है
(1) टालमटोल (2) प्राथमिकता
(3) समय अंकेक्षण (4) भारार्पण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. TQM को सफल बनाने के लिए डब्ल्यू. एडवर्ड डेमिंग ने कितने सिद्धान्त प्रस्तावित किये ?
(1) सोलह (2) अट्ठारह
(3) चौदह (4) बारह
(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. व्यावसायिक नैतिकता को प्रभावित करने वाली लालफीताशाही निम्न में से किससे अधिक निकटता से जुड़ी हुई है ?
(1) लाभ कमाने के लिए व्यावसायिक इकाई प्रारंभ करना ।
(2) अनुचित व्यापार व्यवहारों को अपनाना ।
(3) पारिश्रमिक के लिए काम करना ।
(4) हर चरण में सरकारी अधिकारियों से अनुमति प्राप्त करना ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. कानून द्वारा निर्धारित सामाजिक उत्तरदायित्व को पूरा करने के लिए मुख्य रूप से आर्थिक उद्देश्य तक सीमित रहना, सामाजिक रूप से कम से कम जिम्मेदार होने की प्रवृत्ति वाले दृष्टिकोण को कहा जाता है
(1) सामाजिक उत्तरदायित्व दृष्टिकोण
(2) सामाजिक प्रतिक्रियाशील दृष्टिकोण
(3) सामाजिक उपकारी दृष्टिकोण
(4) सामाजिक विपणन दृष्टिकोण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. निम्न में से किसे भूमिका संघर्ष कहा जाता है, जिससे तनाव पैदा होता है ?
(1) व्यक्ति यह नहीं जानता कि किसी दी हुई स्थिति में उसे क्या करना है ।
(2) व्यक्ति किसी दी हुई स्थिति को कैसे देखता है ।
(3) व्यक्तित्व के गुणों के कारण भूमिका निष्पादन ।
(4) किसी व्यक्ति की दो या अधिक भूमिकाएँ निभाने में असंगति ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. Delaying, postponing or putting off work in office and engaging in pleasurable activities is known as :
(1) Procrastination
(2) Prioritisation
(3) Time Auditing
(4) Delegation
(5) Question not attempted

12. W. Edward Deming has proposed how many principles for making TQM successful ?
(1) 16 (sixteen) (2) 18 (eighteen)
(3) 14 (fourteen) (4) 12 (twelve)
(5) Question not attempted

13. Red Tapism affecting business ethics is more closely associated with :
(1) Starting a business unit to earn profits.
(2) Adopting unfair trade practices.
(3) Working for remuneration.
(4) Getting permission from government authorities at every stage.
(5) Question not attempted

14. The approach having attitude of being least socially responsible, restricted primarily to economic objectives, fulfilling social responsibility as prescribed by law is known as :
(1) Social Responsibility Approach
(2) Social Responsive Approach
(3) Social Obligation Approach
(4) Social Marketing Approach
(5) Question not attempted

15. Which one of the following is termed as Role conflict causing stress ?
(1) Individual doesn't know what he is supposed to do in given situation.
(2) The way an individual looks in a given situation.
(3) Role performance caused by personality traits.
(4) Incompatibility of an individual to perform two or more roles.
(5) Question not attempted

16. किसी संस्थान के अस्तित्व के कारण को किसमें उल्लेखित किया जाता है ?
(1) मिशन (2) विजन
(3) उद्देश्य (4) लक्ष्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. डेमिंग एवं जुरान द्वारा किस देश में TQM की अवधारणा का शुभारंभ किया गया था ?
(1) अमेरिका (2) जापान
(3) रूस (4) चीन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. एक टीम का सामूहिक विश्वास कि वे अपने कार्य में सफल हो सकते हैं, कहलाता है
(1) टीम की एकता
(2) टीम की पहचान
(3) टीम की प्रभावकारिता
(4) टीम सामंजस्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. निम्न में से कौन सा नेतृत्व का व्यवहारात्मक सिद्धांत नहीं है ?
(1) ब्लैक और माउटन का नेतृत्व ग्रिड
(2) गुण अध्ययन
(3) ओहियो स्टेट अध्ययन
(4) मिशिगन नेतृत्व अध्ययन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. एक प्रक्रिया जिसके द्वारा व्यक्ति अपने परिवेश को अर्थ देने के लिए अपने संवेदी प्रभावों का चयन करता है, व्यवस्थित करता है और व्याख्या करता है, कहलाती है
(1) व्यवहार (2) अभिप्रेरणा
(3) अवधारणा (4) संज्ञान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. व्यावसायिक गतिविधियों में सामाजिक उत्तरदायित्व के विचार को संबोधित करते हुए प्रथम पुस्तक "व्यवसायी के सामाजिक उत्तरदायित्व" को किसके द्वारा लिखा गया ?
(1) हावर्ड आर. बोवेन
(2) मिल्टन फ्रीडमैन
(3) सीबर्ट
(4) स्क्रैम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. An organization's reason for existence is explained in :
(1) Mission (2) Vision
(3) Objectives (4) Goals
(5) Question not attempted

17. The concept of TQM was first launched in which country by Deming and Juran ?
(1) America (2) Japan
(3) Russia (4) China
(5) Question not attempted

18. A team's collective belief that they can succeed at their tasks is known as :
(1) Team unity
(2) Team identity
(3) Team efficacy
(4) Team cohesion
(5) Question not attempted

19. Which of the following is not a behavioural theory of leadership ?
(1) Blake and Mouton's leadership grid
(2) Trait studies
(3) Ohio state studies
(4) Michigan leadership studies
(5) Question not attempted

20. A process by which individuals select, organize and interpret their sensory impressions in order to give meaning to their environment is called as :
(1) Behaviour (2) Motivation
(3) Perception (4) Cognition
(5) Question not attempted

21. The First Book "Social Responsibility of the Businessman" to address the issue of social responsibility related to business activity was written by :
(1) Howard R. Bowen
(2) Milton Friedman
(3) Siebrt
(4) Scramm
(5) Question not attempted

22. ऐसी स्थितियाँ जिनमें व्यक्तियों को सही और गलत आचरण को परिभाषित (पहचानने) करने की आवश्यकता होती है

(1) सकारात्मक कार्य पर्यावरण
(2) नैतिक दुविधाएँ और विकल्प
(3) संगठनात्मक व्यवहार
(4) मानव संसाधन प्रबन्धन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. विवेकाधीन व्यवहार जो कार्यस्थल के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक वातावरण में योगदान देता है, कहलाता है

(1) वापसी व्यवहार (आहरण व्यवहार)
(2) कार्य निष्पादन
(3) संगठनात्मक नागरिकता व्यवहार
(4) मनोवैज्ञानिक व्यवहार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. निम्न में से कौन सा एक समूह सामंजस्य/सम्बद्धता की सही व्याख्या है ?

(1) समूह के कार्य उत्पादन की मात्रा एवं गुणवत्ता
(2) स्वयं को संगठन से अलग करने की कार्यवाही
(3) महत्त्वपूर्ण कार्यों को प्रभावशीलता के साथ करना
(4) कार्य के दौरान समूह के सदस्य एक दूसरे का समर्थन एवं पुष्टि करते हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. जटिल स्थितियों का निदान और विश्लेषण करने की मानसिक क्षमता को कहा जाता है

(1) तकनीकी कौशल
(2) मानवीय कौशल
(3) वैचारिक कौशल
(4) यांत्रिक कौशल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. Situations in which individuals are required to define right and wrong conduct is known as :

(1) Positive work environment
(2) Ethical dilemmas and choices
(3) Organizational behaviour
(4) Human Resource Management
(5) Question not attempted

23. Discretionary behaviour that contributes to psychological and social environment of the workplace is known as :

(1) Withdrawal behaviour
(2) Task performance
(3) Organizational citizenship behaviour
(4) Psychological behaviour
(5) Question not attempted

24. Which one of the following is the correct explanation of 'Group Cohesion' ?

(1) Quantity and quality of a group's work output.
(2) Actions to separate themselves from the organization.
(3) Doing core job tasks with effectiveness.
(4) Members of a group support and validate one another while at work.
(5) Question not attempted

25. The mental ability to diagnose and analyse complex situations is called :

(1) Technical skills
(2) Human skills
(3) Conceptual skills
(4) Mechanical skills
(5) Question not attempted



693905

26. किसी व्यक्ति की एक विशेषता के आधार पर उसके बारे में नकारात्मक सामान्य धारणा बनाने की प्रवृत्ति को कहा जाता है
(1) हैलो प्रभाव
(2) हॉर्न प्रभाव
(3) कांट्रास्ट प्रभाव
(4) चयनात्मक अवधारणा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. ________ एक ऐसी स्थिति है जिसमें एक व्यक्ति गलत तरीके से दूसरे व्यक्ति को समझता है और परिणामी अपेक्षाएँ दूसरे व्यक्ति को मूल धारणा के अनुरूप व्यवहार करने के लिए प्रेरित करती हैं ।
(1) स्टीरियोटाइप प्रभाव
(2) स्व-पूर्ण भविष्यवाणी
(3) कांट्रास्ट प्रभाव
(4) चयनात्मक अवधारणा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. ऐसा अनुबंधन जिसमें वांछित स्वैच्छित व्यवहार, पुरस्कार की ओर ले जाता है अथवा सजा से बचाता है, कहलाता है
(1) परम्परागत (क्लासिकल) अनुबंधन
(2) क्रियाप्रसूत (ओपरेंट) अनुबंधन
(3) सामाजिक अधिगम
(4) सुदृढ़ीकरण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. जॉन हॉलैंड ने कितने व्यक्तित्व प्रकारों की पहचान की है ?
(1) चार (2) पाँच
(3) आठ (4) छः
(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. वह डिग्री (हद) जिस तक कोई संगठन कम लागत पर अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है, कहलाती है
(1) प्रभावशीलता
(2) कार्यकुशलता
(3) संगठनात्मक अस्तित्व
(4) कार्यबल विविधता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. Tendency to draw a negative general impression about an individual based on a single characteristic is known as :
(1) Halo effect
(2) Horns effect
(3) Contrast effect
(4) Selective perception
(5) Question not attempted

27. ________ is a situation in which a person inaccurately perceives a second person and the resulting expectations cause the second person to behave in a way consistent with the original perception.
(1) Stereotype effect
(2) Self-fulfilling prophecy
(3) Contrast effect
(4) Selective perception
(5) Question not attempted

28. A type of conditioning in which desired voluntary behaviour leads to a reward or prevents a punishment is known as :
(1) Classical conditioning
(2) Operant conditioning
(3) Social learning
(4) Reinforcement
(5) Question not attempted

29. How many personality types have been identified by John Holland ?
(1) Four (2) Five
(3) Eight (4) Six
(5) Question not attempted

30. The degree to which an organization can achieve its ends at a low cost is termed as :
(1) Effectiveness
(2) Efficiency
(3) Organizational survival
(4) Work force diversity
(5) Question not attempted

31. निम्नलिखित में से कौन सा बड़े पाँच व्यक्तित्व मॉडल (बिग फाइव पर्सनलिटी मॉडल) का भाग नहीं है ?

(1) भावनात्मक स्थिरता
(2) बहिर्मुखता
(3) सहमतता
(4) आंकना (निर्णय करना)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. अवबोध को प्रभावित करने वाले कारकों में शामिल हैं

(1) अवबोधक, लक्ष्य, माध्यम
(2) माध्यम, स्थिति, प्रेषक
(3) प्रेषक, प्राप्तकर्ता, माध्यम
(4) अवबोधक, लक्ष्य, परिस्थिति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. _______ एक व्यक्तित्व गुण है जिसके अनुसार व्यक्ति व्यावहारिक होता है, भावनात्मक दूरी बनाए रखता है और मानता है कि अंत, साधन को उचित ठहरा सकता है ।

(1) भावनात्मक स्थिरता
(2) मैकियावेलियनिज्म
(3) नार्सिसिज्म
(4) शाइजोटाइपल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. डार्क ट्रायड व्यक्तित्व गुणों के ______ पहलू पहचानने से सम्बन्धित है ।

(1) सकारात्मक
(2) नकारात्मक
(3) सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों
(4) रचनात्मक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. मेयर्स-ब्रिग्स टाइप संकेतक (इन्डिकेटर) (एम.बी.टी.आई) कितनी विशेषताओं का मापन करता है, जो लोगों को 16 में से एक व्यक्तित्व प्रकारों में विभाजित करता है ?

(1) चार (2) छः
(3) पाँच (4) तीन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. Which one of the following is not a part of Big five personality model ?

(1) Emotional stability
(2) Extroversion
(3) Agreeableness
(4) Judging
(5) Question not attempted

32. The factors affecting perception include :

(1) Perceiver, target, channel
(2) Channel, situation, sender
(3) Sender, receiver, channel
(4) Perceiver, target, situation
(5) Question not attempted

33. _______ is a personality trait according to which an individual is pragmatic, maintains emotional distance and believes that ends can justify means.

(1) Emotional stability
(2) Machiavellianism
(3) Narcissism
(4) Schizotypal
(5) Question not attempted

34. The Dark Triad is related with identifying _______ personality traits.

(1) Positive
(2) Negative
(3) Both Positive and Negative
(4) Creative
(5) Question not attempted

35. Myers-Briggs Type Indicator (MBTI) taps on how many characteristics to classify people into one of sixteen personality types ?

(1) Four (2) Six
(3) Five (4) Three
(5) Question not attempted

36. 1970 के दशक के अंत में गीर्ट होफस्टीड द्वारा राष्ट्रीय संस्कृति के कितने मूल्य आयामों की पहचान की गई ?

(1) चार (2) पाँच
(3) आठ (4) सात
(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. ग्लोब फ्रेमवर्क के अनुसार, जिस सीमा तक एक समाज देखभाल, मित्रता, परोपकारिता, निष्पक्षता, दयालुता और उदारता को महत्त्व देता है, कहलाता है

(1) मानवीय अभिविन्यास
(2) निष्पादन अभिविन्यास
(3) भविष्य अभिविन्यास
(4) समूह सामूहिकता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. "मेरा वेतन कम है" यह बयान दर्शाता है :

(1) अभिवृत्ति के संज्ञानात्मक घटक को
(2) अभिवृत्ति के भावात्मक घटक को
(3) अभिवृत्ति के व्यावहारिक घटक को
(4) अभिवृत्ति के आवधिक घटक को
(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. दो या दो से अधिक दृष्टिकोणों या व्यवहार और दृष्टिकोणों के बीच किसी भी असंगतता को कहा जाता है

(1) कार्य संतुष्टता
(2) संज्ञानात्मक मतभेद
(3) मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण
(4) व्यावहारिक दृष्टिकोण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

40. निम्न में से कौन सा मिल्टन रोकेच द्वारा वर्गीकृत मूल्य सेट का हिस्सा है ?

(1) कार्य मूल्य
(2) राजनैतिक मूल्य
(3) आवधिक मूल्य
(4) धार्मिक मूल्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. How many value dimensions of national culture have been identified by Geert Hofstede in late 1970's ?

(1) Four (2) Five
(3) Eight (4) Seven
(5) Question not attempted

37. According to GLOBE framework, "The extent to which a society values caring, friendliness, altruism, fairness, kindness and generosity" is known as :

(1) Human orientation
(2) Performance orientation
(3) Future orientation
(4) Group collectivism
(5) Question not attempted

38. "My pay is low" is a statement showing :

(1) Cognitive component of attitude
(2) Affective component of attitude
(3) Behavioural component of attitude
(4) Terminal component of attitude
(5) Question not attempted

39. Any incompatibility between two or more attitudes or behaviour and attitudes is known as :

(1) Job satisfaction
(2) Cognitive dissonance
(3) Psychological empowerment
(4) Behavioural attitude
(5) Question not attempted

40. Which one of the following is a part of value set categorized by Milton Rokeach ?

(1) Work value
(2) Political value
(3) Terminal value
(4) Religious values
(5) Question not attempted

41. जिस हद तक कर्मचारी मानते हैं कि कोई संगठन उनके योगदान को महत्व देता है और उनके कल्याण की परवाह करता है उसे कहा जाता है
(1) कर्मचारी संलग्नता
(2) संगठनात्मक प्रतिबद्धता
(3) कथित संगठनात्मक समर्थन
(4) मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. बाह्य नियंत्रण अवस्थान वाले लोग, बेहतर प्रदर्शन करते हैं जब
(1) कार्य के लिए पहल और स्वतंत्र कार्यवाही की आवश्यकता होती है ।
(2) कार्य के लिए उच्च प्रेरणा की आवश्यकता होती है और यह मूल्यवान पुरस्कार प्रदान करता है ।
(3) कार्य के लिए जटिल सूचना प्रसंस्करण और जटिल शिक्षण की आवश्यकता होती है ।
(4) कार्य के लिए अनुपालन और अनुरूपता की आवश्यकता होती है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. बुनियादी दृढ़ विश्वास कि आचरण का एक विशिष्ट तरीका या अस्तित्व की अंतिम स्थिति व्यक्तिगत या सामाजिक रूप से आचरण के विपरीत या विपरीत तरीके या अस्तित्व की अंतिम स्थिति के लिए बेहतर है, कहलाती है
(1) मूल्य (2) राय
(3) धारणा (4) विशेषता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. किस सिद्धांत के अनुसार, जब हम किसी व्यक्ति का व्यवहार देखते हैं तो हम यह निर्धारित करने का प्रयास करते हैं कि यह आंतरिक रूप से उत्पन्न है या बाह्य रूप से ?
(1) चयनात्मक अभिवृत्ति
(2) व्यवहार का शोधन करना
(3) आरोपण (Attribution) सिद्धान्त
(4) हैलो (Halo) सिद्धांत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. The degree to which employees believe an organization values their contribution and cares about their well-being is known as :
(1) Employee engagement
(2) Organizational commitment
(3) Perceived organizational support
(4) Psychological empowerment
(5) Question not attempted

42. People with external locus of control perform better when :
(1) The work requires initiative and independent action.
(2) The work requires high motivation and provides valued rewards.
(3) The work requires complex information processing and complex learning.
(4) The work requires compliance and conformity.
(5) Question not attempted

43. Basic conviction that a specific mode of conduct or end-state of existence is personally or socially preferable to an opposite or converse mode of conduct or end state of existence is called :
(1) Values (2) Beliefs
(3) Perception (4) Attitude
(5) Question not attempted

44. Which theory suggests that when we observe an individual's behaviour, we attempt to determine whether it was internally or externally caused ?
(1) Selective attitude
(2) Filtering the behaviour
(3) Attribution theory
(4) Halo theory
(5) Question not attempted

45. कोई व्यक्ति अपने कार्य को पहचानता है, उसमें सक्रिय रूप से भाग लेता है और अपने प्रदर्शन को आत्म-मूल्य के लिए महत्त्वपूर्ण मानता है, वह प्रक्रिया कहलाती है
(1) कार्य संवृद्धि
(2) कार्य सशक्तिकरण
(3) कार्य संलग्नता
(4) कार्य के साथ लगाव
(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. The degree to which a person identifies with a job, actively participates in it and considers performance important to self-worth, is called as :
(1) Job enrichment
(2) Job empowerment
(3) Job engagement
(4) Job involvement
(5) Question not attempted

46. आत्म-महत्त्व की भव्य भावना रखना, अहंकारी होने की प्रवृति होना और अधिकार की भावना रखना, इस प्रवृति को कहा जाता है
(1) आत्मसम्मान
(2) आत्मबोध
(3) आत्ममुग्धता
(4) आत्मविश्वास
(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. The tendency to have a grandiose sense of self-importance, to be arrogant and to have a sense of entitlement is called as :
(1) Self-esteem
(2) Self-actualisation
(3) Narcissism
(4) Self-confidence
(5) Question not attempted

47. वह संस्कृति, जिसमें मूल मूल्यों को गहनता से रखा जाता है और व्यापक रूप से फैलाया जाता है कहलाती है
(1) कमजोर संस्कृति
(2) उप-संस्कृति
(3) मजबूत संस्कृति
(4) रिवाज
(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. A culture in which the core values are intensely held and widely spread is known as :
(1) Weak culture
(2) Subcultures
(3) Strong culture
(4) Rituals
(5) Question not attempted

48. सामाजीकरण प्रक्रिया के निम्नलिखित में से किस चरण में एक नया कर्मचारी कार्य, कार्य समूह एवं संगठन के अनुसार अपने आपको परिवर्तित एवं समायोजित करता है ?
(1) आगमन पूर्व चरण (2) मुठभेड़ चरण
(3) कायापलट चरण (4) समेकन चरण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. In which one of the following socialization process stages a new employee changes and adjusts to the job, work group and organization ?
(1) Pre arrival stage
(2) Encounter stage
(3) Metamorphosis stage
(4) Consolidation stage
(5) Question not attempted

49. संगठनात्मक संस्कृति प्रोफाइल (ओ.सी.पी.) द्वारा संगठनात्मक संस्कृति के कितने आयाम सुझाए गये हैं ?
(1) छः (2) आठ
(3) सात (4) चार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. How many dimensions of organizational culture are suggested by Organizational Culture Profile (OCP) ?
(1) Six (2) Eight
(3) Seven (4) Four
(5) Question not attempted

50. निम्नलिखित में से कौन सा परिवर्तन के प्रतिरोध के संगठनात्मक स्रोत का एक उदाहरण है ?

(1) सुरक्षा (2) आर्थिक कारक
(3) समूह जड़ता (4) अज्ञात का डर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. परिवर्तन को लागू करने के लिए कोटर ने कितने चरणों की योजना सुझाई है ?

(1) छः (2) सात
(3) चार (4) आठ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. जब हम अपने व्यवहार एवं अभिवृत्ति को बदलकर स्थिरता खोजने के लिए काम करते हैं तो इसे कहा जाता है

(1) एलौस्टैसिस (2) चिंता
(3) भूमिका की माँग (4) कार्य की माँग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. एक परिवर्तन प्रक्रिया, जिसमें आँकड़ों के व्यवस्थित संग्रह और उसके विश्लेषण से प्राप्त संकेतों के आधार पर, परिवर्तन कार्यवाही का चयन किया जाता है कहलाती है :

(1) प्रक्रिया अनुसंधान (2) मूलभूत अनुसंधान
(3) गतिविधि अनुसंधान (4) क्रियात्मक अनुसंधान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. अभिप्रेरणा विचारधाराओं (सिद्धान्तों) को उनके प्रस्तावक से सही मिलान करें।

a. Z विचारधारा — i. विक्टर व्रूम
b. X एवं Y विचारधारा — ii. सी.पी. एल्डरफर
c. इ.आर.जी. विचारधारा — iii. मेकग्रेगर
d. प्रत्याशा विचारधारा — iv. आऊची

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iv | iii | ii | i |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | i | ii | iv | iii |

(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. निम्नलिखित में से कौन सा लेविन के परिवर्तन प्रक्रिया के तीन स्तर मॉडल का हिस्सा नहीं है ?

(1) स्थिरीकरण (अनफ्रिजिंग)
(2) आंदोलन (मूवमेंट)
(3) पुनः जमना (रीफ्रिजिंग)
(4) उत्पीड़न (कोअरशन)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. Which one of the following is an example of organizational source of resistance to change ?

(1) Security
(2) Economic factor
(3) Group inertia
(4) Fear of unknown
(5) Question not attempted

51. For implementing change, Kotter has suggested how many steps plan ?

(1) Six (2) Seven
(3) Four (4) Eight
(5) Question not attempted

52. When we work to find stability by changing our behaviour and attitudes, it is known as :

(1) Allostasis
(2) Anxiety
(3) Role demand
(4) Task demand
(5) Question not attempted

53. A change process which is based on the systematic collection of data and then selection of a change action, based on what the analysed data indicates, is called as :

(1) Process Research
(2) Basic Research
(3) Activity Research
(4) Action Research
(5) Question not attempted

54. Match the correct pair of motivation theories with their proposer.

a. Theory Z — i. Victor Vroom
b. Theory X and Y — ii. C.P. Alderfer
c. ERG theory — iii. McGregor
d. Expectancy theory — iv. Ouchi

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | iv | iii | ii | i |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | i | ii | iv | iii |

(5) Question not attempted

55. Which one of the following is not a part of Lewin's three step model of change process ?

(1) Unfreezing (2) Movement
(3) Refreezing (4) Coercion
(5) Question not attempted

56. तनाव के निम्नलिखित परिणामों में से कौन सा कर्मचारी के प्रदर्शन में सकारात्मक योगदान देता है ?
(1) बर्नआउट (2) यूस्ट्रेस
(3) अवसाद (4) रस्टआउट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. लिकर्ट प्रबन्धन प्रणाली द्वारा प्रबन्धन की कितनी शैलियाँ प्रस्तावित की गयी हैं ?
(1) चार (2) छः
(3) आठ (4) दो
(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. नेतृत्व का पथ लक्ष्य सिद्धान्त किसके द्वारा प्रस्तावित किया गया था ?
(1) टेनेनबॉम एवं श्मिट
(2) ब्लेक एवं माउटन
(3) रॉबर्ट हाउस
(4) फिलिप येटन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. निम्न में से कौन सा नेतृत्व के स्थितिजन्य सिद्धान्त का भाग नहीं है ?
(1) फिडलर्स कंटिंजेन्सी (आकस्मिक) मॉडल
(2) पथ लक्ष्य सिद्धान्त
(3) जीवन चक्र सिद्धान्त
(4) नेतृत्व सांतत्य (कॉन्टीनूम)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. निम्नलिखित में से कौन सा स्थिति विशेषता सिद्धान्त में सुझाए गये तीन स्रोतों का हिस्सा नहीं है ?
(1) व्यक्ति की दूसरों पर हावी होने की शक्ति
(2) एक व्यक्ति की किसी समूह के उद्देश्यों में योगदान करने की योग्यता
(3) विचलित कार्यस्थल व्यवहार
(4) एक व्यक्ति की व्यक्तिगत विशेषताएँ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. अभिप्रेरणा की पुनर्बलन विचारधारा (सिद्धान्त) किसने दी ?
(1) जे. स्टेसी एडम्स (2) पोर्टर लालर
(3) हर्जबर्ग (4) बी.एफ. स्किनर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. Which one of the following consequences of stress contributes positively to the employee performance ?
(1) Burnout (2) Eustress
(3) Depression (4) Rust out
(5) Question not attempted

57. How many styles of management has been proposed by Likert system of management ?
(1) Four (2) Six
(3) Eight (4) Two
(5) Question not attempted

58. Path Goal theory of leadership was proposed by :
(1) Tannenbaum & Schmidt
(2) Blake & Mouton
(3) Robert House
(4) Philip Yetton
(5) Question not attempted

59. Which one of the following is not a part of situational theories of leadership ?
(1) Fiedler's contingency model
(2) Path goal theory
(3) Life cycle theory
(4) Leadership continuum
(5) Question not attempted

60. Which one of the following is not a part of three sources suggested in status characteristics theory ?
(1) The power a person wields over others.
(2) A person's ability to contribute to a group's goals.
(3) Deviant workplace behaviour.
(4) An individual's personal characteristics.
(5) Question not attempted

61. Who has given Reinforcement Theory of Motivation ?
(1) J. Stacy Adams
(2) Porter Lawler
(3) Herzberg
(4) B.F. Skinner
(5) Question not attempted

62. समूह निर्माण का संतुलन सिद्धान्त किसके द्वारा प्रस्तावित है ?
(1) जोर्ज सी. होमेन्स (2) थिओडोर न्यूकॉम्ब
(3) थाईबान्ट एवं कैली (4) मेकग्रेगर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. समूह निर्माण का कौन सा सिद्धान्त इंटरैक्शन (पारस्परिक प्रभाव) का परिणाम है ?
(1) होमेंस का सिद्धान्त
(2) विनिमय सिद्धान्त
(3) संतुलन का सिद्धान्त
(4) निकटता सिद्धान्त
(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. 'लिटिल प्रोफेसर' किस प्रकार की इगो (अहंकार) अवस्था (स्थिति) है ?
(1) बाल इगो (अहंकार) अवस्था
(2) वयस्क इगो (अहंकार) अवस्था
(3) अभिभावक इगो (अहंकार) अवस्था
(4) पोषक अभिभावक इगो (अहंकार) अवस्था
(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. 'ट्रांजेक्सनल विश्लेषण' किसने विकसित किया ?
(1) क्लेटॉन क्रिस्टनसेन (2) फ्रेड फीडलर
(3) डेनियल गोलमेन (4) एरीक बर्न
(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. पाँच चरण वाले समूह विकास मॉडल के किस चरण में निम्नलिखित स्थिति देखी जाती है – 'सदस्य समूह के अस्तित्व को स्वीकार्य करते हैं, लेकिन उन बाध्यताओं का विरोध करते हैं जो समूह व्यक्ति पर लगाता है और इस बात पर संघर्ष होता है कि समूह को कौन नियंत्रित करेगा ।' ?
(1) मानकीकरण करना
(2) निर्माण करना
(3) हंगामा करना
(4) कार्य निष्पादन करना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्ति, 'भावनात्मक बुद्धिमता' शब्द से संबंधित है ?
(1) गोलमेन (2) वेशलर
(3) स्टर्नबर्ग (4) एकमैन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. Balance theory of group formation is proposed by :
(1) George C. Homans
(2) Theodore Newcomb
(3) Thaibaunt and Kelly
(4) McGregor
(5) Question not attempted

63. Which theory of group formation is based on outcomes of interaction ?
(1) Homan's theory
(2) Exchange theory
(3) Theory of Balance
(4) Propinquity theory
(5) Question not attempted

64. 'Little Professor' is which kind of ego state ?
(1) Child ego state
(2) Adult ego state
(3) Parent ego state
(4) Nurturing parent ego state
(5) Question not attempted

65. Who developed 'Transactional Analysis' ?
(1) Clayton Christensen
(2) Fred Fiedler
(3) Daniel Goleman
(4) Eric Berne
(5) Question not attempted

66. In which stage of the five stage model of group development, the following condition is seen – 'members accept the existence of the group, but resist the constraints that the group impose on individuals and there is conflict over who will control the group' ?
(1) Norming (2) Forming
(3) Storming (4) Performing
(5) Question not attempted

67. Which among the following individuals connect to the term 'Emotional Intelligence' ?
(1) Goleman (2) Wechsler
(3) Sternberg (4) Ekman
(5) Question not attempted

68. निम्न में से कौन सा एक नकारात्मक अभिप्रेरक नहीं है ?
(1) पदावनति (2) निलंबन
(3) वेतन कटौती (4) पद स्थिति में वृद्धि
(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. कार्य संतुष्टि से संबन्धित प्रतिद्वंद्वी प्रक्रिया सिद्धान्त किसके द्वारा विकसित किया गया ?
(1) एफ.जे. लैन्डी (2) ई.ए. लॉक
(3) जे.एस. एडम (4) एफ. हर्जबर्ग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. किसी कार्य की गतिविधियों, जिम्मेदारियों और अन्य कार्यों के महत्त्व को निर्धारित करने के लिए उसके बारे में जानकारी एकत्र करने और उसका विश्लेषण करने की एक व्यवस्थित प्रक्रिया कहलाती है
(1) कार्य विश्लेषण (2) कार्य विकास
(3) कार्य प्रबंधन (4) कार्य प्रशासन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. कार्य अभिकल्पना (Design) के लिए प्रयोग में लिये जाने वाला "कार्य विशेषता मॉडल" किसने प्रस्तावित किया ?
(1) हेकमेन एवं ओल्डहेम
(2) एफ.डब्ल्यू. टेलर
(3) शेरोन के. पार्कर
(4) ए.वी. ब्रूक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. निम्नलिखित में से कौन सा दृष्टिकोण आवेदकों को भर्ती और चयन प्रक्रिया में भाग लेने का निर्णय लेने में मदद करता है ?
(1) यथार्थवादी कार्य पूर्वावलोकन
(2) कार्य अनुकूलता प्रश्नावली
(3) कर्मचारी पट्टा
(4) अस्थायी रोज़गार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. निम्न में से कौन सी एक संगठनात्मक तनाव से निपटने की रणनीति है ?
(1) विश्राम
(2) ज्ञान संबन्धी उपचार
(3) कार्य संवर्धन
(4) नेटवर्किंग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. Which one of the following is not a negative motivator ?
(1) Demotion
(2) Suspension
(3) Wage cut
(4) Status increment
(5) Question not attempted

69. The opponent process theory related with job satisfaction was developed by :
(1) F.J. Landy (2) E.A. Locke
(3) J.S. Adam (4) F. Herzberg
(5) Question not attempted

70. A systematic process of gathering and analyzing information about a job to determine its activities, responsibilities and importance to other jobs is called
(1) Job Analysis
(2) Job Development
(3) Job Management
(4) Job Administration
(5) Question not attempted

71. Who proposed Job characteristics model used for job design ?
(1) Hackman and Oldham
(2) F.W. Taylor
(3) Sharon K. Parker
(4) A.V. Broeck
(5) Question not attempted

72. Which one of the following approaches helps applicants in deciding to participate in recruitment and selection process ?
(1) Realistic job previews
(2) Job compatibility questionnaire
(3) Employee leasing
(4) Temporary employment
(5) Question not attempted

73. Which one of the following is an organizational stress coping strategy ?
(1) Relaxation
(2) Cognitive therapy
(3) Job enrichment
(4) Networking
(5) Question not attempted

74. प्रोत्साहन भुगतान योजना में, कर्मचारी के वेतन का निर्धारण आधारित होता है
(1) आयु पर
(2) प्रदर्शन/निष्पादन पर
(3) ज्येष्ठता पर
(4) मुनाफे पर
